समाचार

# अधर्म, अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, पराजित अवश्य होता है – उद्योग मंत्री

## (नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव आयोजन का हुआ समापन)

## (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने दी गरिमामयी उपस्थिति, श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की, रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न कराया)




कोरबा 02 अक्टूबर 2025 –प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा हमें यह शिक्षा देती है कि अधर्म एवं अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह पराजित अवश्य होता है, अधर्म पर धर्म की जय होती है, अंहकार का विनाश होता है, यह निश्चित है। उन्होने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया, इस आयोजन से कोरबा का वातावरण राममय होगा, मैं कामना करता हूँ कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष इसी गरिमा एवं धूमधाम के साथ हों।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। निगम द्वारा विगत 28 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक घंटाघर मैदान में पांच दिवसीय श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसका विजयादशमी के दिन समापन हुआ, समापन समारोह के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन कराया। उन्होने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की तथा रावण दहन कार्यक्रम भी

सम्पन्न कराया। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल तथा आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की देखरेख में आयोजित श्रीरामलीला आयोजन से भारतीय संस्कृति को सहेजने का कार्य किया गया है। उन्होने कहा कि इस आयोजन से हमारे बच्चो को भी भारत की पुरातन संस्कृति को जानने समझने का अवसर मिला तथा वे प्रभु श्रीराम की लीलाओं, उनकी मर्यादाओं व आदर्शो से परिचित हुए। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस आयोजन को जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद भी मिला तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भी यहॉ पहुंचकर हम सबका उत्साहवर्धन किया। श्री देवांगन ने इस सुंदर धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन के लिए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों, पार्षदों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों को साधुवाद दिया एवं अपनी दिली शुभकामनाएं दी।

**श्रीरामलीला हमें बताती है कि होती है बुराई पर अच्छाई की जीत** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रभु श्रीराम की लीला प्रसंग का यह आयोजन करना मेरा सौभाग्य है, श्रीरामलीला हमें बताती है कि बुराई पर अच्छाई की सदैव ही जीत होती है। उन्होने कहा कि नगर निगम कोरबा नगर के विकास व आमजन को मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध कराने में अग्रणी है ही, किन्तु अब निगम ने भारतीय संस्कृति व विरासत को सहेजने का काम भी किया है। उन्होने कहा कि इस आयोजन को भव्य बनाने में हमारी आयोजन समिति के सदस्यों, पार्षदों, कार्यकर्ताओं व निगम के अधिकारी कर्मचारियों का पूरा सहयोग रहा है, वहीं कोरबा के नागरिकबंधुओं ने इस आयोजन को अपना भरपूर प्यार व स्नेह देकर और अधिक गरिमापूर्ण बना दिया, जिसके लिए मैं हृदय से आभारी हूॅ।

**हमारे छोटे से प्रयास को जनता के प्यार ने बना दिया विराट स्वरूप** – इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने गिलहरी जैसा छोटा सा प्रयास किया, किन्तु कोरबा की जनताजनार्दन ने अपने प्यार, स्नेह से हमारे इस छोटे से प्रयास को विराट स्वरूप दे दिया, यहॉ दर्शकों की अपार संख्या ने इस मैदान को छोटा कर दिया, तो वहीं बनारस के मजे हुए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोहा, जिसके लिए मैं उन्हें हृदय से साधुवाद देता हूॅ। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि महापौर श्रीमती राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजन समिति एवं निगम की हमारी टीम ने दिन–रात परिश्रम कर आयोजन का ऊंचाईयॉ दी, जिसके लिए मैं आप सबका एवं कोरबा के नागरिकबंधुओं का हृदय से आभारी हूॅ।

**अगले वर्ष और अधिक भव्यता से हो आयोजन** – इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगले वर्ष और अधिक भव्यता के साथ श्रीरामलीला का आयोजन होगा, मैं ऐसा विश्वास रखता हूॅ। उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम की टीम ने, आयोजन समिति ने पूरी सक्षमता के साथ कार्य किया तथा आयोजन को ऊंचाईयॉ दी, जिसके लिए मैं बधाई देता हूॅ। आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी ने इस मौके पर कहा कि रामलीला को लोग भूलते जा रहे थे किन्तु नगर निगम कोरबा ने यह सुंदर आयोजन कर प्रभु श्रीराम की लीला का दर्शन लोगों को कराकर उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसके लिए आप सभी को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूॅ।

इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी के साथ ही कैलाश नाहक, डॉ.नागेन्द्र शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, पंकज देवांगन, युगल कैवर्त, रामकुमार राठौर, लक्ष्मण श्रीवास, अजय गोंड़, चेतन मैत्री, ईश्वर पटेल, रामकुमार साहू, सतीश झा, डॉ.राजेश राठौर, आरिफ खान, राकेश अग्रवाल, नवीन अरोरा, परविंदर सिंह, रूक्मणी नायर, वैशाली रत्नपारखी, ज्योति वर्मा, दिनेश वैष्णव, मनोज मिश्रा, आकाश श्रीवास्तव, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, आदि के साथ निगम के पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारीगण व हजारों की संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।